शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

अभ्यास प्रश्न पत्र

सत्र: 2024-2025

कक्षा - XII

गृह विज्ञान (064)

अवधि : 3 घंटे अधिकतम अंक : 70

**सामान्य निर्देश :-**

1 सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2 इस प्रश्न पत्र में कुल 35 प्रश्न हैं।

3 प्रश्न-पत्र को चार खण्डों में विभाजित किया गया है - क, ख, ग, और घ।

4 खण्ड 'क' - प्रश्न 1 से 14 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जो प्रत्येक 1 अंक के हैं।

5 खण्ड 'ख' - प्रश्न संख्या 15 से 18 तक केस - आधारित प्रश्न हैं और प्रत्येक 1 अंक का है।

6 खण्ड 'ग' - प्रश्न संख्या 19 से 25, प्रत्येक 2 अंक के हैं प्रश्न संख्या 26 से 29 प्रत्येक 3 अंक के हैं।

7 खण्ड 'घ' - प्रश्न संख्या 30 से 33, प्रत्येक 4 अंक के हैं और प्रश्न संख्या 34 और 35, प्रत्येक 5 अंक के हैं।

8 कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

9 जहाँ भी आवश्यक हो, उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तरों का समर्थन कीजिए ।

| क्र. स. | खंड - क (बहुविकल्पीय प्रश्न) | अंक |
|---|---|---|
| 1. | भारत सरकार निम्नलिखित में से किसके माध्यम से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय पूर्व शिक्षा प्रदान करती है?<br>(क) क्रेच (शिशु देखभाल केंद्र)<br>(ख) आँगनवाड़ियाँ<br>(ग) मॉन्टेसरी स्कूल<br>(घ) दिवस देखभाल केंद्र (डे केयर सेंटर) | 1 |
| 2. | निम्नलिखित में से कौन सा जी.एच.पी. की भूमिका को सबसे बेहतर ढंग से परिभाषित करता है?<br>(क) निर्माता या संसाधनकर्ता उत्पाद सुरक्षा के लिए सक्रिय कदम उठाते हैं<br>(ख) संदूषण और गलत लेबलिंग को कम या खत्म करते हैं | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) उपभोक्ताओं को सुरक्षित उत्पाद खरीदने में मदद करते हैं<br>(घ) यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी खाद्य संचालकों ने अच्छी स्वच्छता संबंधी आदतों को अपनाया है | |
| 3. | धूप में सुखाना खाद्य, संरक्षण का सबसे पुराना तरीका है। यह खाद्य संरक्षण के कौन से सिद्धांत पर आधारित है ?<br>(क) तापमान में कमी<br>(ख) pH में कमी<br>(ग) जल को हटाना<br>(घ) नियंत्रित ऑक्सीजन की उपलब्धता | 1 |
| 4. | निम्नलिखित में से कौन सा विभाग सहायक सेवा विभाग के अंतर्गत नहीं आता है ?<br>(क) वित्त और लेखा<br>(ख) प्रमुख कार्यालय<br>(ग) मानव संसाधन विभाग<br>(घ) विक्रय और विपणन विभाग | 1 |
| 5. | एक उद्यमी में अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए कौन सा गुण होना आवश्यक नहीं है ?<br>(क) कड़ी मेहनत करने की इच्छा<br>(ख) अच्छे संप्रेषण कौशल<br>(ग) सकारात्मक दृष्टिकोण<br>(घ) निर्णय लेने में कठोर होना<br><br>**अथवा**<br><br>____________ वे क्षमताएँ हैं जो लोगों को चुनौती पूर्ण परिस्थितियों के कार्य करने योग्य बनाती हैं<br>(क) मूल्य<br>(ख) जीवन कौशल<br>(ग) मनोवृत्ति<br>(घ) नकारात्मक व्यवहार | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 6. | आपके चाचा जी पेट की सर्जरी के बाद बेहोश हो गए हैं भोजन खिलाने की कौन सी विधि उनके लिए उपयुक्त होगी और क्यों ?<br>(क) मुँह के द्वारा और चबाने में आसान<br>(ख) नली द्वारा (ट्यूब फीडिंग) और पचाने में आसान<br>(ग) अतः शिरा द्वारा भोजन और पोषण प्राप्त करने के लिए<br>(घ) नासोगैस्ट्रिक फीडिंग और पोषण | 1 |
| 7. | शालिनी विकास संचार के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती है। निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा विकल्प उसके लिए सबसे उपयुक्त है?<br>(क) दृश्य व्यापार डिज़ाइनर<br>(ख) बाल व्यावसायिक<br>(ग) रेडियो जॉकी<br>(घ) अनुसन्धान छात्र (रिसर्च स्कॉलर) | 1 |
| 8. | न्यूनतम संसाधित खाद्य पदार्थों व उसके सही उदाहरण के युग्म का चयन कीजिए।<br><br>(क) संरक्षित खाद्य : लैक्टोज मुक्त दूध<br>(ख) विनिर्मित खाद्य : डिब्बाबंद फल<br>(ग) चिकित्सीय खाद्य : अचार<br>(घ) फॉर्मूलाबद्ध खाद्य : केक | 1 |
| 9. | ग्रामीण भारत में टिकाऊ पद्धति परियोजना में कौन सी सेवाएँ प्रदान की गईं हैं ?<br>(क) रोजगार सेवाएँ<br>(ख) ई-नियंत्रित सेवाएँ<br>(ग) कृषि सेवाएँ<br>(घ) सामुदायिक सेवाएँ | 1 |
| 10. | निम्नलिखित में से कौन सा गुण वस्त्र की बुनावट को निर्धारित नहीं करता है?<br>(क) रेशे का प्रकार<br>(ख) धागे का प्रकार<br>(ग) वस्त्र की सज्जा<br>(घ) वस्त्र की कीमत | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| **11.** | सूची I में दिए गए भारत के परंपरागत व्यवसायों को सूची II में दिए गए भारतीय राज्यों से मिलान कीजिए -<br><br>**सूची I (परंपरागत व्यवसाय)** — **सूची II (राज्य)**<br>i. शोला शिल्प — 1. कर्नाटक<br>ii. नारियल शिल्प — 2. उड़ीसा<br>iii. वार्ली चित्रकला — 3. केरल<br>iv. चन्नपटन की मूर्तियाँ — 4. महाराष्ट्र<br><br>**निम्नलिखित में से सही विकल्प का चुनाव कीजिए -**<br>(क) i - 4, ii - 3, iii - 2, iv – 1<br>(ख) i - 1, ii – 2, iii – 3, iv – 4<br>(ग) i - 3, ii – 4, iii – 1, iv - 2<br>(घ) i - 2, ii – 3, iii – 4, iv – 1 | 1 |
| **12.** | सूची I में दी गयीं रोग संबंधी स्थितियों को सूची II में में दिए गए उपयुक्त आहारों से मिलान कीजिए –<br><br>**सूची I (रोग संबंधी स्थितियाँ)** — **सूची II (आहार)**<br>i. मधुमेह की स्थिति — 1. कम प्रोटीन युक्त आहार<br>ii. शल्य क्रिया (सर्जरी) में — 2. कम सोडियम युक्त आहार<br>iii. उच्च रक्तचाप की स्थिति — 3. अधिक प्रोटीन युक्त आहार<br>iv. गुर्दा (किडनी) खराब हो जाने पर — 4. कम कार्बोज युक्त आहार<br>**निम्नलिखित में से सही विकल्प का चुनाव कीजिए -**<br>(क) i - 4, ii - 1, iii- 2, iv - 3<br>(ख) i - 4, ii – 3 , iii – 2 , iv – 1<br>(ग) i - 2, ii - 1, iii - 3, iv - 4<br>(घ) i - 3, ii - 1, iii - 4, iv – 2 | 1 |
| **13.** | बुजुर्गों को विभिन्न कारणों से असुरक्षित समूह में रखा जाता है।<br>(i) वितीय संसाधनों में वृद्धि<br>(ii)एकल परिवार प्रणाली | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (iii) रक्षा तंत्र में कमी<br>(iv)बेहतर शारीरिक भंडार<br><br>**निम्नलिखित में से सही विकल्प का चुनाव कीजिए -**<br>(क) (i) and (ii)<br>(ख) (ii) and (iii)<br>(ग) (iii) and (iv)<br>(घ) (i) and (iv) | |
| | **14.** | निम्नलिखित में से कौन से भौतिक खतरे के उदाहरण हैं?<br>(i) बाल<br>(ii)मक्खी<br>(iii) बटन<br>(iv)मच्छर<br><br>**निम्नलिखित में से सही विकल्प का चुनाव कीजिए -**<br>(क) (i) and (ii)<br>(ख) (ii) and (iii)<br>(ग) (ii) and (iv)<br>(घ) (i) and (iii)<br><br>**अथवा**<br><br>निम्नलिखित में से कौन से रासायनिक खतरों के उदाहरण हैं?<br>(i) फफूंदी<br>(ii)विषाणु<br>(iii) मिलावट<br>(iv)मार्जन रसायन<br><br>**निम्नलिखित में से सही विकल्प का चुनाव कीजिए –**<br>(क) (i) and (ii)<br>(ख) (ii) and (iii)<br>(ग) (iii) and (iv) | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (घ) (i) and (iv) | | |
| | **खंड - ख (केस आधारित प्रश्न)** | | |
| | **नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्न संख्या 15 से 18 तक के उत्तर दीजिए**<br><br>जन स्वास्थ्य पोषण, अध्ययन का वह क्षेत्र है जो अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने से संबंधित है। इस उद्देश्य के लिए यह पोषण संबंधी रोगों / समस्याओं का समाधान करने वाली सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों के जरिए लोगों के इन पोषक संबंधी रोगों / समस्याओं का समाधान करता है जन स्वास्थ्य आहार विशेषज्ञ / व्यावसायिक जनसंख्या (अर्थात बड़ी संख्या में लोगों के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता हो) को प्रभावित करने वाली समस्याओं के समाधान के लिए बड़े पैमाने पर सुनियोजित और बहुविषयक पद्धतियों का उपयोग करते हैं अतः यह क्षेत्र बहुविषयक प्रकृति का है और जीवन विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान विषयों की बुनियाद पर टिका हुआ है।<br><br>**(स्रोत: मानव पारिस्थितिकी एवं परिवार विज्ञान - भाग 1 एन. सी. ई. आर. टी.) (कक्षा – 12)** | | |
| **15.** | निम्नलिखित में से कौन सा युग्म गलत है ?<br>(क) नरम आहार : अर्ध-ठोस भोजन<br>(ख) तरल आहार : रेशों और वसा की अधिकता वाला तरल पदार्थ<br>(ग) नियमित आहार : सामान्य भोजन, सभी भोजन समूह सम्मिलित<br>(घ) तैयार मृदु आहार : मसला हुआ और शोरबा युक्त आहार | 1<br>(CBQ) | |
| **16.** | सूची I में दिए गए सूक्ष्म पोषक तत्वों को सूची II में दिए गए रोगों के साथ मिलान कीजिए -<br>**सूची I (सूक्ष्म पोषक तत्व)** — **सूची II (रोग)**<br>i. आयरन — 1. रतौंधी<br>ii. विटामिन ए — 2. घेंघा रोग (गलगण्ड) | 1<br>(CBQ) | |

| | | |
|---|---|---|
| | iii. प्रोटीन          3. अरक्तता<br>iv. आयोडीन          4. क्वाशियोरकर<br><br>**निम्नलिखित में से सही विकल्प का चुनाव कीजिए -**<br>(क) i - 3, ii – 4, iii – 1, iv – 2<br>(ख) i – 3, ii – 1, iii – 4, iv – 2<br>(ग) i – 2, ii – 3, iii – 4, iv – 1<br>(घ) i – 2, ii – 1, iii – 4, iv - 3 | |
| **17.** | **नीचे दिए गए कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।**<br><br>**अभिकथन (A) :** आहार अथवा भोजन संबंधी कार्यनीतियाँ विभिन्न सांस्कृतिक और आहारीय परंपराओं के लिए अपनायी जा सकती हैं।<br>**कारण (R) :** इसका मुख्य कारण है कि यह भोजन में परिवर्तन मात्र से सुझाए जा सकते हैं।<br>**दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उचित उत्तर चुनिए –**<br><br>(क) (A) और (R) दोनों सही है और (R) (A) की सही व्याख्या है।<br>(ख) (A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R) (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) (A) सही है परन्तु (R) गलत है।<br>(घ) (A) गलत है परंतु (R) सही है। | 1<br>(CBQ) |
| **18.** | **नीचे दिए गए कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।**<br><br>**अभिकथन (A) :** महिलाओं के सहयोग से देशी और स्थानीय कच्चे माल का उपयोग करके कम कीमत वाले पोषक खाद्य पदार्थों का उत्पादन करना व उन्हें लोकप्रिय बनाना पोषण संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए एक उपयुक्त अल्प अवधि हस्तक्षेप है।<br>**कारण (R) :** इससे समाज के सभी वर्गों को सस्ती दरों पर पोषक तत्वों से भरपूर भोजन मिलता है। यह पोषण को कम करने व जनसंख्या के स्वास्थ्य को सुधार करने में सहायक साबित हुआ है।<br><br>**दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उचित उत्तर चुनिए –**<br>(क) (A) और (R) दोनों सही है और (R) (A) की सही व्याख्या है।<br>(ख) (A) और (R) दोनों सही है लेकिन (R) (A) की सही व्याख्या नहीं है। | 1<br>(CBQ) |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) (A) सही है परन्तु (R) गलत है।<br>(घ) (A) गलत है परंतु (R) सही है। | |
| | **खंड - ग (लघु उत्तरीय प्रश्न)** | |
| **19.** | एकीकृत बाल विकास सेवाएँ (आई.सी.डी.एस.) एक विस्तारित कार्यक्रम है इस कार्यक्रम के अंतर्गत किए जाने वाले किन्हीं चार प्रयासों की सूची बनाइए।<br><br>**अथवा**<br><br>सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धों, महिलाओं और वंचित वर्गों को लक्षित करके स्वरोजगार और वैतनिक रोजगार योजनाएँ शुरू की गई हैं। ऐसे किन्हीं चार कार्यक्रमों की सूची बनाइए। | 2<br>(CBQ) |
| **20.** | रेशमा अपने लिए वस्त्र खरीदना चाहती है। वस्त्रों के रंग का चुनाव किन चार कारकों पर निर्भर करेगा? | 2<br>(CBQ) |
| **21.** | युवाओं की कोई चार महत्वपूर्ण आवश्यकताएँ सूचीबद्ध कीजिए । | 2 |
| **22.** | आतिथ्य क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के कोई चार तरीके सूचीबद्ध कीजिए । | 2 |
| **23.** | आतिथ्य क्षेत्र के धुलाई घर की चार आवश्यक विषेशताएँ क्या हैं? | 2 |
| **24.** | आजकल आतिथ्य उद्योग में नौकरियों के लिए युवाओं को महत्व दिया जाता है। इस उद्योग में युवाओं को प्राथमिकता दिए जाने के क्या कारण हैं? | 2<br>(CBQ) |
| **25.** | एस.ओ.एस. बाल गाँव किन दो तरीकों से आई.सी.डी.एस. से भिन्न हैं?<br><br>**अथवा**<br><br>बच्चों को संवेदनशील समूहों में सम्मलित करने के कोई चार कारण सूचीबद्ध कीजिए । | 2 |
| **26.** | विहान संचार और पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना करिअर बनाना चाहता है। विकास पत्रकारिता के कोई दो उद्देश्य और जन सेवा उद्घोषणा (पी.एस.ए. ) की कोई चार महत्वपूर्ण विशेषताएँ लिखिए।<br><br>**अथवा** | 3<br>(CBQ) |

| | | |
|---|---|---|
| | संचार उपलब्ध प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी प्रदान करता है, जिससे समाज की उन्नति होती है।<br><br>विकास संचार और पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना करिअर बनाने के लिए किसी व्यक्ति द्वारा आवश्यक किन्हीं दो सृजनात्मक और चार तकनीकी कौशलों को सूचीबद्ध कीजिए। | |
| **27.** | ग्रे (घूसर) पैमाना क्या होता है ? वस्त्र और परिधान के किन्हीं चार कार्यक्षेत्र की व्याख्या कीजिए । | 1 + 2 = 3 |
| **28.** | (क) किसी एक राष्ट्रीय और एक अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक की सूची बनाइए ।<br><br>(ख) विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.) के किन्हीं दो महत्वपूर्ण कार्यों का वर्णन कीजिए ।<br><br>(ग) कोडेक्स की कोई दो विशेषताएँ सूचीबद्ध कीजिए। | 3 |
| **29.** | परंपरागत व्यवसायों में सुधार के किन्ही छः तरीकों पर चर्चा कीजिए।<br><br>**अथवा**<br><br>सुकार्यिकी की किन्हीं छः आवश्यकताओं की सूची बनाइए? | 3 |
| | **खंड - घ (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)** | |
| **30.** | (क) पोषण मूल्यांकन करने के किन्हीं चार तरीकों की सूची बनाइए ?<br><br>(ख) आहार चिकित्सा के किन्हीं मुख्य चार उद्देश्यों को बताइए? | 2 + 2 = 4 |
| **31.** | खाद्य संसाधन ऐसी विधियों और तकनीकों का समूह है जो कच्ची सामग्रियों को तैयार या आधे तैयार उत्पादों में बदल देता है।<br>(क) खाद्य उद्योग के क्षेत्र में कौन से कार्य सम्मिलित हैं ?<br>(ख) निम्न में से प्रत्येक को दो उदाहरणों सहित समझाइए।<br>(i) विकार्य खाद्य पदार्थ<br>(ii) अर्ध-विकार्य खाद्य पदार्थ<br>(iii) अविकार्य खाद्य पदार्थ | 1+3=4<br>(CBQ) |
| **32.** | प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ई.सी.सी.ई.) के क्षेत्र में करिअर बनाने | 1+3=4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | के लिए, बच्चों के विकास और देखभाल के मूलभूत सिद्धांतों के बारे में अध्ययन करना आवश्यक है।<br>(क) वैकल्पिक देखभाल क्यों महत्वपूर्ण है? कोई दो कारण बताइए ।<br>(ख) प्रारंभिक बाल्यावस्था व्यावसायिक के लिए आवश्यक किन्हीं छः कौशलों को परिभाषित कीजिए ।<br><br>**अथवा**<br><br>विद्यालय पूर्व केंद्र (प्री-स्कूल) बच्चों को विभिन्न विशेष सुविधाएँ और सेवाएँ प्रदान करके उनके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।<br>(क) माही तीन साल की छोटी बच्ची है। उसमें दिखने वाली कोई दो विशेषताएँ बताइए ।<br>(ख) एक अच्छे विद्यालय पूर्व केंद्र (प्री-स्कूल) की कोई छह महत्वपूर्ण विशेषताएँ बताइए । | (CBQ) |
| | **33.** | वस्त्र सामग्री के विशेष गुणों को बनाए रखने और इनकी जीवन अवधि को बढ़ाने के लिए विशेष देखरेख व रखरखाव आवश्यक है।<br>(क) व्यावसायिक और संस्थागत धुलाई घरों के शुष्कको में दो प्रकार के परिचालनों की व्याख्या कीजिए ।<br>(ख) जल निष्कर्षण प्रक्रिया के चक्रण और तल द्वारा निकास के बीच दो अंतर क्या हैं? | 2+2=4<br>(CBQ) |
| | **34** | फ़ैशन डिज़ाइन और व्यापार एक उत्साहवर्धक जीविका विकल्प है, जिसमें व्यक्ति की भौतिक आवश्यकताओं के साथ रचनात्मक इच्छा भी पूरी होती है।<br><br>फ़ैशन और शैली में क्या अंतर है? सफल फ़ैशन डिज़ाइनर व व्यापारी बनने के लिए किन्हीं चार ज़रूरी कौशलों पर चर्चा कीजिए।<br><br>**अथवा**<br><br>फ़ैशन मर्चेंडाइजिंग में करिअर रचनात्मकता और नवाचार के माध्यम से एक स्थायी आजीविका प्रदान करता है।<br><br>किसी निर्यात उद्यम में शामिल किन्हीं भी दो प्रकार के व्यापारियों को सूचीबद्ध कीजिए । फ़ैशन डिजाइन और व्यापार के क्षेत्र में किन्हीं भी चार आजीविका विकल्प पर चर्चा कीजिए। | 1+4=5<br>(CBQ) |

| | | |
|---|---|---|
| 35 | जागरूक उपभोक्ता बेहतर विकल्प चुनता है, निष्पक्ष व्यावसायिक प्रथाओं को प्रोत्साहित करता है और बाजार में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करता है।<br>(क) उपभोक्ताओं के लिए कोई चार मुद्रित प्रकाशन सूचीबद्ध कीजिए ।<br>(ख) उन छः सामान्य तरीकों की सूची बनाइए जिनके द्वारा दुकानदार और विक्रेता गलत वजन और माप का उपयोग करके ग्राहकों को धोखा देते हैं। । | 2+3=5<br>(CBQ) |